भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2346
3 दिसंबर, 2019 को उत्तरार्थ

विषय : तमिलनाडु में दलहनों के लिए जैव-पार्क

2346. डॉ. कलानिधि विरास्वामीः
श्री एस. रामलिंगमः
श्री ए. राजाः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के जैव-पार्कों की संख्या कितनी है और तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को तमिलनाडु राज्य सरकार से तमिलनाडु में दाल जैव पार्क स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मंजूर की गई निधियों का ब्यौरा क्या है और इसके कब तक मंजूर किए जाने की संभावना है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार देश में किसी फसल के लिए जैव-पार्कों की स्थापना की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): भारत में दालों का कोई जैव पार्क नहीं है। भारत सरकार को तमिलनाडु सरकार से अभी तक दाल जैव पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

(घ): भारत सरकार को अभी तक देश में किसी फसल का जैव पार्क स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।